# व्यापक डेटा

आज मौसम कैसा है? खिड़की से बाहर देखें और कुछ अवलोकन करें।



अगला प्रश्न: क्या आपको किसी कोट की जरूरत है? छतरी के बारे में क्या विचार है?

आपकी टिप्पणियों से महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है जो आपको निर्णय लेने में मदद करती है।

दूसरे शब्दों में, आप डेटा एकत्रित करते हैं और उसका विश्लेषण करते हैं।

डेटा हमें अतीत को समझने और भविष्य के लिए योजना बनाने में हमारी सहायता कर सकता है।

**डेटा**
संदर्भ या विश्लेषण के लिए एक साथ एकत्रित डेटा तथ्य और आँकड़े

डेटा हमें समस्याओं को सुलझाने और निर्णय लेने में हमारी सहायता कर सकता है।

वास्तव में, एक ऐसा स्कूल मौजूद है जिसे आप जैसे डेटा साइंटिस्ट की ज़रूरत है जिससे वे किसी समस्या का समाधान कर सकें।

हमें अभी-अभी यह संदेश प्राप्त हुआ है।

> मेन स्ट्रीट मिडल स्कूल से प्राप्त संदेश
>
> हमें देर से स्कूल पहुँचने वाले विद्यार्थियों के संबंध में भीषण समस्या हो रही है। हमें इस समस्या को कैसे दूर करना चाहिए? हमें लगता है कि हमारे यहाँ अधिक कड़े नियम तथा और अधिक सज़ाएं होनी चाहिए। यहाँ तक कि अध्यापक भी देरी से आने लगे हैं! हम इस समस्या के बारे में बात करने के लिए स्कूल समुदाय की बैठक का आयोजन कर रहे हैं। बैठक बुधवार दोपहर 3:30 बजे आयोजित की जा रही है। यह आवश्यक है कि विद्यार्थी, माता-पिता और अध्यापक भाग लें जिससे हम लोगों को समय पर पहुँचने की ज़रूरत के बारे में बता सकें—अन्यथा! हम किसी भी सलाह के लिए आभारी रहेंगे।

क्या आप जानते हैं कि यह समस्या क्यों उत्पन्न हो रही है? क्या आप समाधान की योजना बना सकते हैं?

अभी नहीं? चिंता ना करें। व्यापक डेटा का उपयोग करते हैं।

© 2024 Mastercard. All rights reserved.

# व्यापक डेटा

प्रक्रिया के 4 चरण हैं।

लेकिन इन चरणों को सही क्रम में पूरा करना जरूरी है।

परशिोधति करें

एकत्रति करें

संगठति करें

वश्लिेषण करें

**उपरोक्त शब्दों को क्रम में रखें। पहला, दूसरा, तीसरा और चौथा कौन सा कदम आपको उठाना चाहिए?**

__________ __________ __________ __________

क्या आपने पहले चरण के रूप में एकत्रित करें को चुना था? वह सही है!

इससे पहले कि हम डेटा का उपयोग कर सकें, हमें इसे एकत्र करना होगा।

शुरू करने के लिए, नीचे एकत्र किए गए सभी डेटा पर एक नज़र डालें। प्रत्येक कार्ड के ध्यान से पढ़ें।

| घोषणा डेटा | अनुसंधान / रुझान डेटा | मौसम डेटा | परिवहन डेटा |
|---|---|---|---|
| बुधवार शाम 4 बजे हाई स्कूल सूचना सत्र। | एक नए सर्वेक्षण से यह पता चला है कि बच्चे टेक्स्ट और ई-मेल के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना पसंद करते हैं। | अगले सप्ताह गर्मी की लहर चलेगी। | इस सप्ताह ख़राब मौसम के कारण सिटी ट्रेनें देरी से चलीं। |

| घोषणा डेटा | परिवहन डेटा | अनुसंधान / रुझान डेटा | मौसम डेटा |
|---|---|---|---|
| पुस्तकालय अब सप्ताह में 7 दिन खुला रहता है। | बस चालकों की अपर्याप्तता। सिटी का यह कहना है कि वह सेवा को तब तक सीमित कर रहा है जब तक और अधिक चालकों को नियुक्त नहीं किया जाता। | एक नए सर्वेक्षण से यह पता चला है कि 10 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए सज़ा की तुलना में प्रशंसा अधिक प्रभावकारी है। | बुधवार पूरा दिन तेज़ बारिश |

| परिवहन डेटा | मौसम डेटा | अनुसंधान / रुझान डेटा | घोषणा डेटा |
|---|---|---|---|
| पुस्तकालय के सामने एक नया बस स्टॉप है। | पिछले दो सप्ताह में रिकॉर्ड-तोड़ बारिश। | बारिश के दिन के पसंदीदा क्रियाकलापों से संबंधित नए सर्वेक्षण में पढ़ना (READING) #1 पर है। | लोकप्रिय अध्यापक कार्यशाला—तकनीक के साथ अध्यापन—बुधवार को दोपहर 3 बजे |

© 2024 Mastercard. All rights reserved.

# व्यापक डेटा

वाह! यह बहुत अधिक डेटा है! हमें आगे क्या करना चाहिए? चरण 2 क्या है?

अगर आपने कहा कि संगठित करें, तो आप सही हैं!

**हम अपने डेटा को कैसे व्यवस्थित कर सकते हैं ताकि हम इसे और अधिक स्पष्ट रूप से देख सकें? अपने विचार नीचे लिखें।**

बाद में हमें आगे क्या करना चाहिए? चरण 3 क्या है?

अगर आपने कहा परिशोधित करेंेंें (clean up), तो आप सही हैं!

अब, आप जान सकते हैं कि अपने कमरे को कैसे साफ़ करें, लेकिन आप डेटा को कैसे परिशोधित करते हैं?

डेटा को परिशोधित करने का अर्थ है उस डेटा से छुटकारा पाना, जो महत्वपूर्ण या प्रासंगिक नहीं लगता।

**पृष्ठ 2 पर डेटा काड्‌र्स के माध्यम से पीछे देखें।**

**उस डेटा को काट दें जो उस समस्या से संबंधित नहीं लगता जिसका हम समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।**

तो अब हमारा एकत्रित, व्यवस्थित और परिशोधित डेटा ऐसा दिखाई देता है:

| मौसम डेटा | परिवहन डेटा | अनुसंधान / रुझान डेटा | घोषणा डेटा |
|---|---|---|---|
| बुधवार पूरा दिन तेज़ बारिश | बस चालकों की अपर्याप्तता। सिटी का यह कहना है कि वह सेवा को तब तक सीमित कर रहा है जब तक और अधिक चालकों को नियुक्त नहीं किया जाता। | एक नए सर्वेक्षण से यह पता चला है कि बच्चे टेक्स्ट और ई-मेल के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना पसंद करते हैं। | बुधवार शाम 4 बजे हाई स्कूल सूचना सत्र। |
| **मौसम डेटा** | **परिवहन डेटा** | **अनुसंधान / रुझान डेटा** | **घोषणा डेटा** |
| पिछले दो सप्ताह में रिकॉर्ड-तोड़ बारिश। | इस सप्ताह ख़राब मौसम के कारण सिटी ट्रेनें देरी से चलीं। | एक नए सर्वेक्षण से यह पता चला है कि 10 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए सज़ा की तुलना में प्रशंसा अधिक प्रभावकारी है। | लोकप्रिय अध्यापक कार्यशाला—तकनीक के साथ अध्यापन—बुधवार को दोपहर 3 बजे |

© 2024 Mastercard. All rights reserved.

# व्यापक डेटा

हमारे पास केवल एक काम करना बाकी है। विश्लेषण!

व्यवस्थित डेटा कार्ड्स को दोबारा पढ़ें। सारे डेटा के बारे में सोचें और नीचे के प्रश्नों के उत्तर दें।

आपके विचार में स्कूल की समस्या किस कारण से हो रही है?

क्या बुधवार को बैठक की योजना अच्छी योजना है?

आप स्कूल को इसके बाद क्या करने का सुझाव देंगे?

उन्हें लोगों को योजना की जानकारी कैसे देनी चाहिए?

उन्होंने हमारी सलाह प्राप्त की। आइए देखें कि यह कैसे हुआ!

मेन स्ट्रीट मिडिल स्कूल की मदद करने के लिए व्यापक डेटा का उपयोग करने के लिए धन्यवाद!
आपके सुझावों के लिए धन्यवाद! हमें नहीं जानते थे कि खराब मौसम और परिवहन समस्याओं का क्या प्रभाव पड़ रहा है। हमने सोचा कि बच्चे जरूरत से ज्यादा सो रहे थे। और आप सही थे कि बुधवार की दोपहर किसी बैठक के लिए ठीक समय नहीं था। इसके बजाए, हमने आपकी सलाह प्राप्त की और उन विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए घोषणा की जो समय पर पहुँचने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते रहे। हम रिमाइंडर ईमेल और टेक्स्ट संदेश भी भेजेंगे। और मौसम जल्द ही बेहतर हो जाएगा। एक बार फिर धन्यवाद!

**आप एक Girls4Tech डेटा साइंटिस्ट हैं!**

© 2024 Mastercard. All rights reserved.

उपलब्धि का प्रमाणपत्र

# बधाई हो!

आप प्रमाणित

girls4tech

डेटा साइंटिस्ट हैं!

Michael Miebach
CEO, Mastercard

Susan Warner
Founder, Girls4Tech

© 2024 Mastercard. All rights reserved.